जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ...

# JAWAB DO SARKAR ™

www.jawabdosarkar.com

रेफरेंस संख्या –2021/rpba/62 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | मंगलवार, 13 अप्रैल 2021

# सेंट्रल स्पाईन योजना में मुआवजे के नाम पर उजागर हुआ 50 करोड़ का खेल!!!




**भाग-1**

**सेंट्रल स्पाईन योजना जगतपुरा में स्थित ग्राम महल,श्रीकिशनपुरा,जीरोता तहसील सांगानेर जिला जयपुर की 190.95 है. निजी खातेदारी की अवाप्ति के तहत जारी किये गए अवार्ड में हुआ भारी भ्रष्टाचार**


*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com


## रिको ने अवाप्त की थी तीन गाँवों की जमीने

वर्ष 1995 में रिको द्वारा औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की दृष्टि से जगतपुरा में स्थित ग्राम महल,श्रीकिशनपुरा,जीरोता तहसील सांगानेर जिला जयपुर की 190.95 है. निजी खातेदारी की जमीनों को अवाप्त किया गया था|लेकिन अवाप्ति की प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो पायी और देखते ही देखते इस जमीन के पास जे.डी.ए. और अन्य निजी विकासकर्ताओं द्वारा कोलोनियाँ विकसित कर ली गयी|जिसके चलते राज्य सरकार ने इस जमीन के आधे हिस्से को जे.डी.ए. को देने के आदेश दिए जिसके तहत जहाँ जे.डी.ए. ने अपनी जमीन पर सेंट्रल स्पाईन योजना का खाका तैयार किया वही दूसरी और रिको द्वारा अपनी जमीन पर अपेरल पार्क योजना को अंजाम दिया गया|

## काश्तकारों ने बेचीं गृह निर्माण सहकारी समिति को जमीने,महावीर स्वामी गृह निर्माण सहकारी समिति ने काटी श्याम विहार नाम की स्कीम

अवाप्त की गयी अनुसूचित जाति की जमीनों के मालिको द्वारा अपने हिस्से की जमीनों को ठिकाने लगाने के लिए वर्ष 1986-87 में महावीर स्वामी गृह निर्माण सहकारी समिति को बेच दी जिस पर उक्त सहकारी समिति द्वारा श्याम विहार योजना विकसित की गयी और उक्त योजना में 150 के आसपास आवासीय भूखंड और 60 दुकानों के प्लाट काट कर बेच भी दिए|

लेकिन शायद होनी को कुछ और ही मंजूर था,अवाप्त की गयी अनुसूचित जाति की जमीनों पर भूमाफियाओं की नजर पड़ गयी और जमीनों का असली खेल शुरू हो गया|इन भूमाफियाओं द्वारा जे.डी.ए. अधिकारीयों से सांठ-गाँठ कर सोसाईटी द्वारा काटी गयी स्कीम को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देकर निरस्त करवा दिया गया,जिसमे कहा गया कि अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगो की जमीनों को साधारण वर्ग के लोगो को नहीं बेचा जा सकता|इस निर्णय के आधार पर जमीनों का नामान्तरण भी काश्तकारों के नाम खुलवा दिया गया|



## अवार्ड में विकसित जमीन का 15 प्रतिशत देने के स्थान पर 25 प्रतिशत किया गया|अवार्ड में मिली जमीन की चल रही है बंदरबांट

तत्कालीन स्थानीय विधायक और मुख्यमंत्री की दखलंदाजी के चलते अवाप्त की गयी जमीन के बदले दिए जाने वाले मुआवजे को विकसित जमीन का 15 प्रतिशत देने के स्थान पर 25 प्रतिशत कर दिया गया था|सरकार की इस योजना का लाभ काश्तकार तो उठा नहीं सके लेकिन स्थानीय भूमाफियाओं ने इस मौके को हाथोंहाथ लिया और उन्होंने स्थानीय काश्तकारों को मुकदमो और अन्य कारणों का भय दिखाकर उनसे यह जमीन औने-पौने दामों में खरीद ली|

## एक भूमाफिया ने खेला पूरा खेल,अनुसूचित जाति के अवार्ड पर किया कब्ज़ा

अब आपको विस्तार से बताते है कि किस प्रकार इस 50 करोड़ के खेल को अंजाम दिया गया|इस खेल के मुख्य कर्ता धर्ता सोनी और खंडेलवाल नाम के दो किरदार है जिन्होंने अनुसूचित जाति के काश्तकारों से उनकी जमीन 50 लाख रूपये बीघा के भाव से खरीद ली|फिर उनके द्वारा सोसाईटी को बेचीं जमीन के मामले को रफा दफा करवाया और जमीनों का नामान्तरण भी काश्तकारों के नाम खुलवा दिया गया|इस मामले में जब सोसाईटी द्वारा सृजित की गयी योजना के आवंटियों द्वारा आपत्ति प्रस्तुत की तो उनके नेता का मुंह भी पैसो से भर दिया और इस जमीन पर बने 15-20 मकानों को अतिक्रमण बताते हुए ध्वस्त करवा दिया गया|यह खेल यहीं नहीं रुका इन भूमाफियाओं द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से ज़ोन के बड़े अधिकारी को मोटी घूस( जानकारों के अनुसार यह करोडो में है) खिला कर अवार्डों पर अपना नाम भी पॉवर ऑफ़ अटोर्नी बता कर दर्ज करवा लिया और योजना के मुख्य सडक के कई भूखंड हथिया लिए|अब यह कथित पॉवर ऑफ़ अटोर्नी होल्डर/भूमाफिया इन प्लोटो की खरीद फरोख्त खुद करता है,बेचारे काश्तकार तो अभी भी मजदूरी ही कर रहा है|इस खेल में चूँकि अब इस भूमाफियाओं का डर खुल गया है इसलिए यह लोग ज़ोन के अधिकारीयों-कर्मचारियों से सांठ-गांठ कर खुलकर सेक्टर और आन्तरिक सड़कों में परिवर्तन करवा रहे है और अपने प्लोटो के दाम बढवा रहे है|जानकारों के अनुसार जमीनों का यह खेल 50 करोड़ से भी ज्यादा का है|

## अन्य योजनाओं के लिए अवाप्त की गयी जमीनों का अवार्ड भी करवा रहे है इस योजना में|

यह खेल यहीं नहीं रुक रहा है अब तो ज़ोन के कर्मचारी भ्रष्टाचार का नंगा नाच करने पर उतारू हो गयी हे यह लोग स्थानीय भूमाफियाओं से मिलीभगत कर,अन्य योजनाओं के लिए अवाप्त की गयी जमीनों के अवार्डधारियों को भी इस योजना में भूखंड आवंटित करवा रहे है जो कि ना केवल नियमविरुद्ध है बल्कि भ्रष्टाचार की भी चरम सीमा है|

## जवाब मांगते सवाल?

- **कौन है यह दोनों भूमाफिया?और कितने जने शामिल है इस खेल में इन लोगो के साथ?आखिर ज़ोन के कौन कौन अधिकारी/कमर्चारी है इस खेल में शामिल?कैसे खेला गया यह पूरा खेल?**
- **आज तक कितनी बार हो चूका है सेंट्रल स्पाईन योजना में आंतरिक परिवर्तन?**
- **अन्य योजनाओं के लिए अवाप्त की गयी जमीनों के अवार्डधारियों को कैसे दी जा रही है इस योजना में जमीन?आज दिनांक तक कितनों को आवंटित की गयी है नियमविरुद्ध जमीन?**

*इस योजना में हो रहे भ्रष्टाचार के खुलासे अगले अंक में भी जारी...............*

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B/NC/3 | 1102000057 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI POA GOVIND KHANDELWAL | Commercial | 512.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NC/4 | 1102000059 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI POA GOVIND KHANDELWAL | Commercial | 512.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NC/5 | 1102000070 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Commercial | 512.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NC/6 | 1102000092 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Commercial | 512.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/10 | 1102000141 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/11 | 1102000142 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/18 | 1102000150 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/19 | 1102000151 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/2 | 1102000133 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/20 | 1102000152 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/21 | 1102000153 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/22 | 1102000155 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/23 | 1102000156 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/24 | 1102000157 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/25 | 1102000158 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/26 | 1102000159 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/27 | 1102000160 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/3 | 1102000134 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/4 | 1102000135 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/5 | 1102000136 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/6 | 1102000137 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/7 | 1102000138 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/8 | 1102000139 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |
| B/NR/9 | 1102000140 | KAILASH BALAI, KALU RAM, NANCHHI DEVI, BHURI DEVI, RAMA DEVI & SONI DEVI, POA GOVIND KHANDELWAL | Residential | 405.00 SQ. METER | 20/02/2020 | 20/02/2020 | 18/02/2020 | View |